# दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग
# उत्तर प्रदेश

## कार्यपूति दिग्दर्शक आय–व्ययक
## (परफार्मेन्स बजट)
## वर्ष 2017–18

ज्ञान बढ़े और काम बढ़े
दिव्यांगजन का मान बढ़े

उत्तर प्रदेश शासन
लखनऊ

# प्राक्कथन

विभागीय योजनाओं के वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों में पारस्परिक सामंजस्य स्थापित करने के उद्देश्य से कार्यक्रमों एवं कार्यकलापों का वर्गीकरण करते हुए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग का वर्ष 2017–18 का कार्यपूर्ति दिग्दर्शक आय–व्ययक (परफार्मेन्स बजट) प्रस्तुत है।

प्रस्तुत आय–व्ययक दिव्यांगजन के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। समाज के सबसे असहाय, दुर्बल एवं शासकीय सहायता के सर्वाधिक पात्र वर्ग दिव्यांगजन के उत्थान एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित योजनाओं को अत्यधिक गतिशील एवं प्रभावी बनाये जाने की आवश्यकता है। आशा है यह आय–व्ययक उक्त उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा।

**प्रमुख सचिव,**
**उत्तर प्रदेश शासन,**
**दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग**

# विषय सूची


| क्र.सं. | विषय | पृ.सं. |
|---|---|---|
| 1. | भूमिका | 01—7 |
| 2. | दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 की संरचना | 8 |
| 3. | दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मुख्य दायित्व | 8 |
| 4. | दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम / योजनाएँ। | 9 |
| 5. | विभाग के महत्वपूर्ण लक्ष्य | 18 |
| 6. | ई—गवर्नेन्स की प्रगति | 19 |
| 7. | वर्ष 2017—18 में प्राविधानित धनराशि का विवरण | 20—22 |
| 8. | वित्तीय आवश्यकताओं, कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों का वर्गीकरण | 23—26 |
| 9. | उद्देश्यवार वर्गीकरण | 27—28 |
| 10. | वित्तीय संसाधनों के स्रोत | 29 |
| 11. | वित्तीय आवश्यकताओं का औचित्य | 30—35 |
| 12. | विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियों के स्वीकृत / भरे पदों का विवरण | 36—41 |
| 13. | प्रशासनिक व्यवस्था एवं विभागीय संगठन का चार्ट | 42 |

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश
# वर्ष 2017–18 का कार्यपूर्ति दिग्दर्शक आय–व्ययक
# परफार्मेन्स बजट

## भूमिका

भारत की जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश में विभिन्न दिव्यांगताओं से ग्रसित कुल व्यक्तियों की संख्या 4157514 है। जो प्रदेश की कुल जनसंख्या का लगभग 2.08 प्रतिशत है। प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निवासरत दिव्यांग व्यक्तियों का दिव्यांगतावार वर्गीकरण निम्नवत है :–

**जनगणना 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश में श्रेणीवार दिव्यांगों की संख्या का विवरण**

| विवरण | | ग्रामीण | शहरी | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| **दिव्यांगजन की कुल जनसंख्या** | | **3166615** | **990899** | **4157514** |
| | पुरूष | 1803715 | 560456 | 2364171 |
| | महिला | 1362900 | 430443 | 1793343 |
| **दृष्टि दिव्यांगता** | | **579182** | **184806** | **763988** |
| | पुरूष | 307821 | 100041 | 407862 |
| | महिला | 271361 | 84765 | 356126 |
| **वाक् दिव्यांगता** | | **202152** | **64434** | **266586** |
| | पुरूष | 114665 | 36505 | 151170 |
| | महिला | 87487 | 27929 | 115416 |
| **श्रवण दिव्यांगता** | | **753704** | **274131** | **1027835** |
| | पुरूष | 398665 | 146514 | 545179 |
| | महिला | 355039 | 127617 | 482656 |
| **अस्थि दिव्यांगता** | | **543203** | **134510** | **677713** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | 355061 | 86554 | 441615 |
| | महिला | 188142 | 47956 | 236098 |
| **मानसिक मंदित** | | **140097** | **41245** | **181342** |
| | पुरूष | 88236 | 25605 | 113841 |
| | महिला | 51861 | 15640 | 67501 |
| **मानसिक रूग्ण** | | **57497** | **19106** | **76603** |
| | पुरूष | 37021 | 12100 | 49121 |
| | महिला | 20476 | 7006 | 27482 |
| **अन्य दिव्यांगता** | | **720020** | **226416** | **946436** |
| | पुरूष | 402738 | 126226 | 528964 |
| | महिला | 317282 | 100190 | 417472 |
| **बहु दिव्यांगता** | | **170760** | **46251** | **217011** |
| | पुरूष | 99508 | 26911 | 126419 |
| | महिला | 71252 | 19340 | 90592 |

# वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार उ0प्र0 के समस्त 71 जनपदों में निवासरत महिला एवं पुरूष दिव्यांगजन की जनसंख्या का जनपदवार विवरण निम्नवत हैः–

| क्रमांक | जनपद | दिव्यांगजन की कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | कुल | पुरूष | महिला |
| 1 | आगरा– | 120117 | 67708 | 52409 |
| 2 | मैनपुरी– | 33563 | 19796 | 13767 |
| 3 | मथुरा– | 51179 | 30154 | 21025 |
| 4 | फिरोजाबाद– | 50582 | 29718 | 20864 |
| 5 | अलीगढ़– | 75974 | 43398 | 32576 |
| 6 | महामाया नगर | 26547 | 15661 | 10886 |
| 7 | एटा– | 31245 | 18238 | 13007 |
| 8 | कासगंज | 23771 | 13745 | 10026 |
| 9 | झांसी– | 38796 | 22283 | 16513 |
| 10 | ललितपुर– | 17985 | 10413 | 7572 |
| 11 | जालौन– | 31251 | 18283 | 12968 |
| 12 | हमीरपुर– | 19055 | 11116 | 7939 |
| 13 | महोबा– | 15681 | 8955 | 6726 |
| 14 | बांदा– | 27972 | 16630 | 11342 |
| 15 | चित्रकूट– | 15403 | 8833 | 6570 |
| 16 | लखनऊ– | 122113 | 68070 | 54043 |
| 17 | रायबरेली– | 62230 | 34855 | 27375 |
| 18 | हरदोई– | 74082 | 43818 | 30264 |
| 19 | उन्नाव– | 63730 | 36261 | 27469 |
| 20 | सीतापुर– | 89157 | 51851 | 37306 |
| 21 | खीरी– | 71959 | 41458 | 30501 |
| 22 | बरेली– | 92300 | 53187 | 39113 |
| 23 | बदांयू– | 69688 | 40796 | 28892 |
| 24 | पीलीभीत– | 37181 | 22090 | 15091 |
| 25 | शाहजहांपुर– | 58073 | 33730 | 24343 |
| 26 | मेरठ– | 66225 | 37888 | 28337 |

| क्रमांक | जनपद | दिव्यांगजन की कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | कुल | पुरूष | महिला |
| 27 | बागपत– | 22265 | 13158 | 9107 |
| 28 | गाजियाबाद– | 144305 | 79869 | 64436 |
| 29 | गौतमबुद्ध नगर– | 35955 | 20506 | 15449 |
| 30 | बुलन्दषहर– | 60925 | 35133 | 25792 |
| 31 | सहारनपुर– | 61271 | 35207 | 26064 |
| 32 | मुजफ्फरनगर– | 65775 | 38545 | 27230 |
| 33 | मुरादाबाद– | 82774 | 47205 | 35569 |
| 34 | जे0पी0 नगर– | 25873 | 15134 | 10739 |
| 35 | रामपुर– | 38210 | 21766 | 16444 |
| 36 | बिजनौर– | 61638 | 35492 | 26146 |
| 37 | वाराणसी– | 96924 | 54297 | 42627 |
| 38 | चन्दौली– | 32051 | 18602 | 13449 |
| 39 | गाजीपुर– | 79877 | 44416 | 35461 |
| 40 | जौनपुर– | 117683 | 63170 | 54513 |
| 41 | मिर्जापुर– | 41840 | 24247 | 17593 |
| 42 | सन्त रविदास नगर– | 27755 | 16145 | 11610 |
| 43 | सोनभद्र– | 31048 | 17810 | 13238 |
| 44 | गोरखपुर | 100730 | 55913 | 44817 |
| 45 | महराजगंज– | 61861 | 34309 | 27552 |
| 46 | देवरिया– | 71103 | 39211 | 31892 |
| 47 | कुशीनगर– | 139672 | 75176 | 64496 |
| 48 | बस्ती– | 43484 | 24084 | 19400 |
| 49 | सन्त कबीर नगर– | 26997 | 14993 | 12004 |
| 50 | सिद्धार्थनगर– | 44168 | 24477 | 19691 |
| 51 | आजमगढ़– | 76114 | 42559 | 33555 |
| 52 | मऊ– | 38910 | 21725 | 17185 |
| 53 | बलिया– | 91847 | 51016 | 40831 |
| 54 | इलाहाबाद– | 178275 | 99826 | 78449 |
| 55 | कौशाम्बी– | 42213 | 23724 | 18489 |
| 56 | फतेहपुर– | 55333 | 32222 | 23111 |

| क्रमांक | जनपद | दिव्यांगजन की कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | कुल | पुरूष | महिला |
| 57 | प्रतापगढ़– | 77912 | 42326 | 35586 |
| 58 | कानपुर नगर– | 116292 | 68633 | 47659 |
| 59 | कानपुर देहात | 35804 | 21323 | 14481 |
| 60 | फरूर्खाबाद– | 31497 | 19041 | 12456 |
| 61 | कन्नौज– | 31308 | 18692 | 12616 |
| 62 | औरय्या– | 27645 | 16701 | 10944 |
| 63 | इटावा– | 31196 | 18788 | 12408 |
| 64 | फैजाबाद– | 45767 | 25671 | 20096 |
| 65 | अम्बेडकरनगर– | 46580 | 25864 | 20716 |
| 66 | सुल्तानपुर– | 72931 | 40376 | 32555 |
| 67 | बाराबंकी– | 72256 | 41381 | 30875 |
| 68 | गोण्डा– | 62452 | 35729 | 26723 |
| 69 | बलरामपुर– | 30500 | 17573 | 12927 |
| 70 | श्रावस्ती | 20921 | 11885 | 9036 |
| 71 | बहराईच– | 71718 | 41316 | 30402 |
| | **कुल योग** | **4157514** | **2364171** | **1793343** |

**नोटः** शामली, हापुड़, सम्भल, अमेठी, बाद में सृजित होने के कारण पूर्व जनपद में ही दिव्याांगजनों का आगणन सम्मिलित है।

समाज के विशेष रूप से असहाय, निराश्रित सुविधाविहीन दिव्यांग वर्ग के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा 12 अगस्त, 1995 से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग का गठन किया गया है।

# दिव्यांगता की परिभाषा

दिव्यांगजन के समग्र कल्याण हेतु भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन (समान अवसर, अधिकार, संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 पारित किया गया है, जो 07 फरवरी, 1996 से जम्मू कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारतवर्ष में प्रभावी है। इस अधिनियम में कुल 14 अध्याय एवं 74 धाराएँ हैं। इस अधिनियम की धारा–2(न) में निःशक्त (दिव्यांग) व्यक्ति की परिभाषा निम्नानुसार दी गयी हैः–

**2(न) निः शक्त (दिव्यांग):** से ऐसा कोई व्यक्ति अभिप्रेत है, जो किसी चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा यथाप्रमाणित किसी निःशक्तता से कम से कम 40 प्रतिशत से ग्रस्त है।

उक्त अधिनियम –1995 की धारा–2 में निःशक्तता (दिव्यांगता) की श्रेणियॉ एवं उनकी परिभाषायें निम्नानुसार दी गयी है :–

**2(ख) दृष्टिहीनता**–उस अवस्था के प्रति निर्देश करता है जहॉ कोई व्यक्ति निम्नलिखित दशाओं में से किसी से ग्रसित है अर्थात–

1. दृष्टिगोचरता का पूर्ण अभाव या
2. सुधारक लेन्सों के साथ बेहतर ऑख में 6 / 60 या 20 / 200 स्नेलन से अनधिक दृष्टि की तीक्ष्णता या
3. दृष्टि क्षेत्र की सीमा का 20 डिग्री के कोण के कक्षांतरकारी होना या अधिक खराब होना।

**2(प) कम दृष्टि वाला व्यक्तिः**– से अभिप्रेत है, ऐसा कोई व्यक्ति जिसके उपचार या मानक उपवर्धनीय सुधार संशोधन के बावजूद दृष्टिसंबंधी कृत्य का ह्ास हो गया है और जो समुचित सहायक युक्ति से किसी कार्य की योजना या निष्पादन के लिए दृष्टि का उपयोग करता है या उपयोग करने में संभाव्य रूप से समर्थ है।

**2(फ) कुष्ठ रोग से मुक्तः**– से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो कुष्ठ रोग से मुक्त हो गया है किन्तु निम्नलिखित से ग्रसित हैः–

1. जिसके हाथ या पैरों में संवेदना की कमी तथा नेत्र और पलकों में संवेदना की कमी और आंशिक घात है किन्तु कोई प्रकट विरूपता नही है।
2. प्रकट दिव्यांगताग्रस्त और आंशिक घात है किन्तु उसके हाथों और पैरों में पर्याप्त गतिशीलता है जिससे वे सामान्य आर्थिक क्रिया कलाप कर सकते हैं।
3. अत्यन्त शारीरिक विरूपांगता और अधिक वृद्वावस्था से ग्रस्त है जो उन्हें कोई भी लाभपूर्ण उपजीविका चलाने से रोकती है और कुष्ठ रोग से मुक्त पद का अर्थ तदनुसार लगाया जायेगा।

**2(द) श्रवण ह्ास**– से अभिप्रेत है संवाद संबंधी रेंज की आवृत्ति में बेहतर कर्ण में 60 डेसीबल या अधिक की हानि।

**2(ण) चलन किया संबंधी निःशक्तता**– से हड्डियों, जोडों या मांसपेशियों की कोई ऐसी निःशक्तता अभिप्रेत है जिससे अंगों की गति में पर्याप्त निर्बन्धन या किसी प्रकार का प्रमस्तिष्क अंगघात हो।

**2(घ) मानसिक मंदता**–से किसी व्यक्ति के मस्तिष्क के अवरूद्व या अपूर्ण विकास की अवस्था है जो विशेष रूप से सामान्य बुद्विमत्ता की अवसामन्यता द्वारा प्रकट होती है, अभिप्रेत है।

**2(ध) मानसिक बीमार**– से मानसिक मंदता से भिन्न कोई मानसिक विकार अभिप्रेत है।

दिव्यांगता की उक्त श्रेणियों एवं परिभाषाओं के अनुसार दिव्यांग व्यक्तियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने हेतु उ0प्र0 निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) नियमावली, 2001 को सरलीकृत करते हुये उ0प्र0 निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) (प्रथम संशोधन) नियमावली 2014 शासन के अधिसूचना संख्या 519 / 65–3–2014–62 / 98 दिनांक 3.9.2014 द्वारा निर्गत की गयी है। उक्त संशोधित नियमावली के अनुसार सहज दृश्य दिव्यांगता हेतु दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदेश के विभिन्न सामुदायिक चिकित्सा केन्द्रों एवं प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों, राजकीय चिकित्सालयों में कार्यरत चिकित्सा विभाग द्वारा नामित प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा, जबकि ऐसी दिव्यांगता जो सहज दृश्य न हो एवं उसके परिमाणमापन हेतु विशेषज्ञ चिकित्सक एवं उपकरण की आवश्यकता हो, के प्रकरण में दिव्यांग प्रमाण पत्र प्राधिकृत चिकित्सक की संस्तुति के आधार पर प्रत्येक जनपद में मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में गठित चिकित्सा परिषद अथवा डा0 राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय लखनऊ के प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा निर्गत किया जायेगा।

अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिये पी0डब्लू0डी0 एक्ट 2016 व्यवहार में लाया गया है। इस अधिनियम में कुल दिव्यांगताओं को 21 प्रकारों / विशेषीकृत कोटि में विभाजित किया गया है। ये 21 प्रकार की दिव्यांगताएं / विशेषीकृत कोटि निम्नवत है–

1. अन्धता, 2. कमजोर दृष्टि, 3. कुष्ठ रोग मुक्त व्यक्ति, 4. श्रवण क्षीणता, . चलने में असमर्थता, 6. बौनापन, 7. बौद्धिक निःशक्तता, 8. मानसिक रूगण्ता, 9. आटिज्म, 10. मस्तिष्क पक्षाघात, 11. मांसपेसियों का सिकुड़ना, 12. गंभीर न्यूरोलाजिकल दशा, 13. सीखने की कमजोरी, 14. एकाधिक सिलेरोसिस, 15. सीखने में कमजोरी, 16. थैलासीमिया, 17. अधिरक्त स्राव, 18. हंसिय रोग, 18. बहुनिःशक्तता, 20. तेजाब हमले के पीड़ित, 21. पार्किन्सन रोग।

उपर्युक्त दिव्यांगताओं से ग्रसित दिव्यांगजनों हेतु आवश्यक तन्त्र विकसित करने एवं प्रमाण पत्र जारी कराये जाने हेतु समुचित प्रयास किया जा रहा है।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश की संरचना

समाज के असहाय, सुविधाविहीन एवं कमजोर वित्तीय स्थिति वाले दिव्यांग व्यक्तियों के सर्वांगीण विकास एवं उनके लाभ तथा सहायता के लिए बनाई गयी योजनाओं के सुचारू संचालन हेतु प्रदेश सरकार द्वारा 12 अगस्त, 1995 को अलग से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग का गठन किया गया जिसके अन्तर्गत शासन स्तर पर प्रमुख सचिव, विशेष सचिव, संयुक्त सचिव, उप सचिव एवं अनुसचिव के पद तथा 3 अनुभाग सृजित हैं।

विभाग के अधीन दिव्यांगजन विकास विभाग निदेशालय कार्यरत है जिसमें निदेशक का एक पद तथा संयुक्त निदेशक के तीन पद तथा मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी का एक पद सृजित है।

उपनिदेशक के 13 पद – उपनिदेशक के दो पद मुख्यालय स्तर तथा ग्यारह पद मण्डल स्तर (लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, वाराणसी, इलाहाबाद,आगरा, गोरखपुर, आजमगढ़, फैजाबाद तथा झांसी) में सृजित हैं तथा 75 जनपदों में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के पद सृजित हैं।

विभाग में सृजित एवं भरे पदों के विवरण हेतु परिशिष्ट 'क' तथा प्रशासनिक व्यवस्था हेतु विभागीय संगठन का चार्ट परिशिष्ट 'ख' अवलोकनीय है।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मुख्य दायित्व

**विभाग के उद्देश्य एवं कार्य –**

1. दिव्यांगजन के सम्बंध में नीति का निर्धारण करना एवं प्रभावशाली क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
2. योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजन का भौतिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक पुनर्वास कर समाज की मुख्य धारा में शामिल करना।
3. दिव्यांगजन विकास के संबंध में निर्धारित राष्ट्रीय नीतियों, कार्यक्रमों, संस्थाओं, के साथ समन्वय कर प्रदेश में प्रभावशाली तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
4. दिव्यांगजनों के विकास संबंधी कार्य हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ साथ गैर सरकारी संस्थाओं को प्रोत्साहित करना।
5. सेवाओं में दिव्यांगजन का आरक्षण एवं उनके सेवायोजन का पर्यवेक्षण करना आदि

दिव्यांगजन को सरकार द्वारा देय सुविधाओं/अनुदानों को समयबद्ध रूप से ।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम/योजनाएँ

## 1— संकेत (राजकीय मूक बधिर विद्यालय) लखनऊ,आगरा ,बरेली, फर्रूखाबाद, गोरखपुर :

लखनऊ, बरेली, फर्रूखाबाद, आगरा, गोरखपुर में एक—एक विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में श्रवण यंत्र की सहायता से छात्रों को शिक्षा दिये जानें के साथ—साथ व्यवसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। लखनऊ, बरेली तथा फर्रूखाबाद में जूनियर हाईस्कूल स्तर तक की शिक्षा प्रदान की जाती है। बरेली में आवासीय छात्र संख्या 120 तथा अनावासीय छात्र संख्या 220 (कुल 340) है। फर्रूखाबाद की आवासीय छात्र क्षमता —60 तथा अनावासीय छात्र क्षमता—40 है (कुल 100) तथा लखनऊ की आवासीय क्षमता 100 छात्र है। आगरा एवं गोरखपुर में हाईस्कूल स्तर तक की शिक्षा देने की व्यवस्था है। आगरा की आवासीय छात्र क्षमता 50 तथा अनावासीय छात्र क्षमता 100 (कुल 150) तथा गोरखपुर में आवासीय सुविधा उपलब्ध नही है अनावासीय छात्र क्षमता 100 है। इन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को जिनके अभिभावकों की मासिक आय रू0 1000/— तक होती है, उन छात्र/छात्राओं को आवासीय सुविधा के साथ—साथ रू0 2000/— प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति/छात्रवेतन दिया जाता है। इन विद्यालयों में लाभान्वितों का विवरण निम्नवत है—

| विद्यालयों की संख्या | आवासीय/ अनावसीय | स्वीकृत क्षमता | 2015—2016 | 2016—2017 | 2017—2018 (लक्ष्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| **05** | आवासीय | 330 | 241 | 252 | 330 |
| | अनावसीय | 460 | 261 | 344 | 460 |
| | **योग** | **790** | **502** | **596** | **790** |

## 2— स्पर्श(बालक /बालिकाओं के लिये राजकीय दृष्टिबाधित विद्यालय)लखनऊ, गोरखपुर,बॉदा, सहारनपुर, मेरठ

लखनऊ/गोरखपुर में बालकों/बालिकाओं के लिए एक—एक, बांदा एवं मेरठ में बालकों हेतु एक—एक इण्टर कालेज संचालित है। इन विद्यालयों की आवासीय छात्र क्षमता 200—200 हैं तथा अन्य 04 विद्यालयों की आवासीय क्षमता 100—100 है अनावासीय छात्र क्षमता 25—25 है। जनपद सहारनपुर में बालिकाओं हेतु हाईस्कूल स्तर तक का विद्यालय संचालित है, जिसकी आवासीय छात्र क्षमता 75 तथा अनावासीय छात्र क्षमता 25 है। इन विद्यालयों में ब्रेल पद्वति के माध्यम से निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। इन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को जिनके अभिभावकों की मासिक आय रू0 1000/—होती है, उन छात्र/छात्राओं को आवासीय सुविधा के साथ—साथ प्रति छात्र/छात्रा रू0 2000/— प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति/छात्रवेतन दिया जाता है, तथा अनावसीय छात्र/छात्राओं को घर से विद्यालय तक आने जाने हेतु निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। इन विद्यालयों में स्वीकृत क्षमता के सापेक्ष लाभान्वितों का वर्षवार विवरण निम्नवत् है :

| विद्यालयों की संख्या | आवासीय / अनावसीय | स्वीकृत क्षमता | 2015–2016 | 2016–2017 | 2017–2018 (लक्ष्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| 07 | आवासीय | 875 | 594 | 613 | 875 |
| | अनावसीय | 175 | 89 | 94 | 175 |
| | **योग** | **1050** | **683** | **707** | **1050** |

## 3. ममता (मानसिक रूप से चुनौतीग्रस्त बालकों / बालिकाओं का राजकीय विद्यालय) लखनऊ तथा इलाहाबाद।

प्रदेश में मानसिक रूप से चुनौतीग्रस्त बालकों / बालिकाओं के लिए एक–एक विद्यालय क्रमशः लखनऊ तथा इलाहाबाद में संचालित है। इन विद्यालयों में बालकों एवं बालिकाओं को मनोवैज्ञानिक पद्धति से निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है । प्रत्येक विद्यालय की आवासीय छात्र क्षमता 50–50 है। इन विद्यालयों में संवासियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने की दृष्टि से व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जिन संवासियों के अभिभावकों की मासिक आय रू0 1000 / – प्रतिमाह तक है उनके भरण पोषण पर शासन द्वारा 2000 / – रू0 प्रति माह प्रति संवासी की दर से व्यय किया जाता है। विद्यालयों में लाभान्वित छात्रों की वर्षवार संख्या निम्न प्रकार है :

| विद्यालयों की संख्या | आवासीय / अनावसीय | स्वीकृत क्षमता | 2015–2016 | 2016–2017 | 2017–2018 (लक्ष्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| 02 | आवासीय | 100 | 51 | 40 | 100 |
| | अनावसीय | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग** | **100** | **51** | **40** | **100** |

## 4. प्रयास (शारीरिक रूप से अक्षम बालकों का लिये राजकीय विद्यालय) लखनऊ, प्रतापगढ–

शारीरिक रूप से अक्षम बालकों के लिये प्रतापगढ तथा लखनऊ में एक–एक विद्यालय संचालित है। प्रत्येक विद्यालय की छात्र क्षमता 50–50 बालकों की है। इन विद्यालयों में हाईस्कूल स्तर तक की निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों जिनके अभिभावकों की मासिक आय रू0 1000 / – तक होती है उनकों आवासीय सुविधा के साथ भरण पोषण हेतु रू0 2000 / – प्रतिमाह प्रति छात्र दिया जाता है । इन विद्यालयों में लाभान्वित छात्रों का वर्षवार विवरण निम्न प्रकार है :

| विद्यालयों की संख्या | आवासीय / अनावसीय | स्वीकृत क्षमता | 2015–2016 | 2016–2017 | 2017–2018 (लक्ष्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| 02 | आवासीय | 100 | 66 | 65 | 100 |
| | अनावसीय | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग** | **100** | **66** | **65** | **100** |

## 5. उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले दृष्टिबाधित छात्र/छात्राओं हेतु छात्रावासों का संचालन लखनऊ गोरखपुर, इलाहाबाद एवं मेरठ।

दृष्टिबाधित छात्र/छात्राओं द्वारा अपने–अपने क्षेत्र से इण्टरमीडिएट की शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये अनेक कठिनाईयों का सामाना करना पड़ता है, के दृष्टिकोण से उन्हें उच्च शिक्षा ग्रहण करने के समय आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु लखनऊ/गोरखपुर में छात्र/छात्राओं हेतु एक–एक, इलाहाबाद/मेरठ मे छात्रों हेतुं एक–एक कुल छः छात्रावासों की स्थापना की गयी है। प्रत्येक छात्रावास की स्वीकृत क्षमता 200–200 है। उक्त छात्रावासों के संचालन हेतु नियमावली का प्रख्यापन शासन द्वारा किया जा चुका है

विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगों के लिए उक्त 16 विद्यालयों एवं उनके छात्रावासो के संचालन के लिए वित्तीय वर्ष 2016–17 में कुल रू0 2024.73 लाख के प्राविधान के सापेक्ष कुल रू0 1581.96 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू 2091.43 लाख का प्राविधान है।

## 6. कौशल विकास केन्द्र (दृष्टिबाधितों के लिये राजकीय कर्मशाला) लखनऊ गोरखपुर तथा बॉदा–

दृष्टिबाधित बेरोजगार व्यक्तियों को कार्य उपलब्ध कराने एवं विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान करने की दृष्टि से लखनऊ, गोरखपुर तथा बॉदा में एक–एक कर्मशाला संचालित है। लखनऊ तथा गोरखपुर कर्मशाला में स्वीकृत आवासीय संवासी क्षमता 50–50 तथा अनावासीय संवासी क्षमता 50–50 है। बॉदा में आवासीय संवासी स्वीकृत क्षमता 50 तथा अनावासीय क्षमता 25 है। इन कर्मशालाओं में दृष्टिबाधित व्यक्तियों को वर्क आर्डर के आधार पर कुर्सी बुनाई आदि का कार्य अन्य कार्यालयों में उपलबध कराया जाता है जिसके लिये उन्हें पारिश्रमिक दिया जाता है। इसके साथ ही डिजाइनर मोमबत्तियों, कम्प्यूटर आदि का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। इन कर्मशालाओं में स्वीकृत क्षमता के सापेक्ष पूर्ति का वर्षवार विवरण निम्नवत् हैः–

| कर्मशालाओं की संख्या | आवासीय/ अनावसीय | स्वीकृत क्षमता | 2015–2016 | 2016–2017 | 2017–2018 (लक्ष्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| 03 | आवासीय | 150 | 20 | 15 | 150 |
| | अनावसीय | 125 | 01 | 0 | 125 |
| | **योग** | **275** | **21** | **15** | **275** |

## 7. कौशल विकास केन्द्र(शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों ˙ के लिये राजकीय प्रशिक्षण केन्द्र) वाराणसी, इलाहाबाद, उन्नाव –

शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों/दिव्यांगों को प्रशिक्षण दिये जाने के उद्देश्य से संचालित कर्मशाला मिर्जापुर से स्थानानंतरित होकर जनपद वाराणसी में संचालित है। इस कर्मशाला में आवासीय संवासियों की क्षमता

60 तथा अनावासीय संवासियों की क्षमता 40 (कुल 100) है। इसी प्रकार जनपद इलाहाबाद एवं उन्नाव मे संचालित कौशल विकास केन्द्रो को लखनऊ स्थित मोहान रोड पर विभागीय भवनों में स्थानान्तरित किया गया है। इन संवासियों को आवासीय सुविधा के साथ–साथ रू0 2000/– प्रतिमाह प्रति संवासी की दर से धनराशि भरण पोषण हेतु प्रदान की जाती है। इस कर्मशाला में दिव्यांग व्यक्तियों को कुर्सी बुनाई, सिलाई एवं मोमबत्ती आदि बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं।

## 8. कौशल विकास केन्द्र(मूक–बधिरों के लिए प्रशिक्षण केन्द्र एवं आश्रित कर्मशाला) आगराः–

जनपद आगरा में मूक बधिरों के लिये एक व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र एवं आश्रित कर्मशाला स्थापित है। जिसमें आवासीय संवासियों की क्षमता 25 तथा अनावासीय संवासियों की स्वीकृत क्षमता 25 (कुल 50) है। इन संवासियों को रू0 2000/– प्रतिमाह प्रति संवासी की दर से धनराशि भरण पोषण हेतु प्रदान की जाती है। इस केन्द्र में कुर्सी बुनाई, सिलाई एवं मोमबत्ती का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस कर्मशालाओं में संवासियों की स्वीकृत क्षमता एवं पूर्ति का वर्षवार विवरण निम्नवत् हैः–

| कर्मशालाओं की संख्या | आवासीय/ अनावसीय | स्वीकृत क्षमता | 2015–2016 | 2016–2017 | 2017–2018 (लक्ष्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| **01** | आवासीय | 25 | 0 | 0 | 25 |
| | अनावसीय | 25 | 0 | 0 | 25 |
| | **योग** | **50** | **0** | **0** | **50** |

दिव्यांग कर्मशालाओं के संचालन पर वित्तीय वर्ष 2016–17 में प्राविधानित धनराशि कुल रू0 215.73 लाख के सापेक्ष कुल रू0 167.77 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू 344.83 लाख का प्राविधान है।

## 9– बहुउद्देशीय कौशल विकास केन्द्र मुरादाबाद एवं गौतमबुद्धनगरः–

सभी श्रेणी के दिव्यांगजन की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये मुरादाबाद एवं गौतमबुद्धनगर जनपद में एक–एक बहुउद्देशीय कौशल विकास केन्द्र की स्थापना की गयी है। इन केन्द्रों की स्वीकृत क्षमता 50–50 (कुल 100 है) जिसमें सभी श्रेणी के दिव्यांगजन को बाजार की मॉग के अनुरूप अल्प अवधि के विभिन्न व्यावसायिक ट्रेडो में प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार प्रारम्भ करने योग्य बनाया जाता है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु कुल रू0 21.76 लाख के प्राविधान के सापेक्ष कुल रू0 16.82 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू 21.76 लाख का प्राविधान है।

इन बहुउद्देशीय कौशल विकास केन्द्रों में स्वीकृत क्षमता/पूर्ति का वर्षवार विवरण निम्नवत् हैः–

| कर्मशालाओं की संख्या | आवासीय/ अनावसीय | स्वीकृत क्षमता | 2015–2016 | 2016–2017 | 2017–2018 (लक्ष्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| **02** | आवासीय | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | अनावसीय | 100 | 93 | 46 | 100 |
| | **योग** | **100** | **93** | **46** | **100** |

## 10. निराश्रित मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र बरेली, गोरखपुर एवं मेरठ :–

प्रदेश के निराश्रित मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र बरेली में महिलाओं हेतु तथा गोरखपुर एवं मेरठ में पुरूषों हेतु एक–एक आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की गयी है। इन केन्द्रों की आवासीय क्षमता 50–50 है। इन केन्द्रों में मानसिक मंदित दिव्यांगजन को प्रवेश देकर उनकों आश्रय प्रदान किये जाने के साथ साथ व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वावलम्बी बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिनके संचालन हेतु गत वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु कुल रू0 90.69 लाख का प्राविधान के सापेक्ष कुल रू0 80.25 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 मे रू0 85.37 लाख का प्राविधान है।

| कर्मशालाओं की संख्या | आवासीय / अनावसीय | स्वीकृत क्षमता | 2015–2016 | 2016–2017 | 2017–2018 (लक्ष्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| 03 | आवासीय | 150 | 99 | 109 | 150 |
| | अनावसीय | 0 | 05 | 0 | 0 |
| | **योग** | **150** | **104** | **109** | **150** |

## 11. अमरावती पुरूषोत्तम बहुउद्देशीय दिव्यांग सशक्तीकरण संस्थान वाराणसी का संचालनः–

इस संस्थान में सभी श्रेणी के दिव्यांगजन हेतु जनपद वाराणसी में अमरावती पुरूषोत्तम बहुउद्देशीय दिव्यांग सशक्तीकरण संस्थान संचालित है इस संस्थान में मानसिक मंदित दिव्यांगजन को आवासीय सुविधा के साथ–साथ विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक ट्रेडो में प्रशिक्षण प्रदान कर स्वावलम्बी बनाये जाने का कार्य प्रदान किया जाता है। इस हेतु वित्तीय वर्ष 2016–17 में कुल रू0 33.71 लाख के प्राविधान के सापेक्ष कुल रू0 22.67 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू0 33.71 लाख का प्राविधान है।

## 12. मनोविकास केन्द्र, गोरखपुर :–

गोरखपुर मण्डल में जापानी इन्सेफलाइटिस से प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वासन हेतु जनपद गोरखपुर के बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज के आरोग्य भवन में मनोविकास केन्द्र संचालित है। इस मनोविकास केन्द्र में जापानी इंसेफलाइटिस से ग्रसित दिव्यांगजन को आई0क्यू0 असेसमेन्ट, आक्यूपेशनलथिरेपी यूनिट, फिजियोथैरेपी यूनिट, आडियोलाजी यूनिट, व्यावसायिक प्रशिक्षण यूनिट, काउन्सिलिंग एवं सोशल एजूकेशनल यूनिट के माध्यम से पुनर्वास सेवायें एवं सुविधायें प्रदान की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु कुल रू0 18.73 लाख के प्राविधान के सापेक्ष कुल रू0 15.08 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू0 18.73 लाख का प्राविधान है।

## 13. बचपन डे केयर की स्थापना एवं संचालनः–

सर्व शिक्षा अभियान से प्राप्त करायी गयी धनराशि से जनपद लखनऊ,इलाहाबाद,वाराणसी (प्रत्येक 60 बच्चों की क्षमता) आगरा,सहारनपुर,झॉसी,बरेली, गौतमबुद्धनगर (प्रत्येक 30बच्चों हेतु) में बचपन डे केयर सेन्टर संचालित किये गये थे। वर्ष 2008–09 तक इन केन्द्रों का संचालन सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया गया था, तदोपरान्त वर्ष 2009–10 से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा उक्त योजना को विभागीय बजट से संचालित किये जाने

का निर्णय लिया गया। बचपन डे केयर सेन्टर में मानदेय पर समन्वयक तथा विशेष अध्यापकों की व्यवस्था हैं तथा इसके अतिरिक्त प्रत्येक सेन्टर पर 1–1 फिजियोथिरेपिस्ट, साइकोकाउन्सलर, स्पीच ट्रेनर/विशेषज्ञों की सेवायें प्रति विजिट के आधार पर तथा अटेन्डेन्ट, आया, सफाई कर्मी, चौकीदार की सेवायें मानदेय के आधार पर ली जा रही हैं। इन सेन्टर्स में 03 से 07 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों को शिक्षण/प्रशिक्षण के साथ–साथ अवागमन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करते हुये सामान्य विद्यालयों में शिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। नवीन बचपन नर्सरी केन्द्रों की स्थापना हेतु रू0 200.00 लाख के प्राविधान के सापेक्ष प्रदेश के 10 मण्डल मुख्यालय के जनपदों यथा अलीगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, मिर्जापुर, बस्ती, आजमगढ़, कानपुर नगर, फैजाबाद, गोण्डा तथा गोरखपुर में बचपन डे केयर सेन्टर खोले जाने कार्यवाही की जा रही है। स्थापित बचपन डे केयर सेन्टर्स के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2016–17 में कुल रू0 310.00 लाख का प्राविधान के सापेक्ष कुल रू0 221.41 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू0 310.00 लाख का प्राविधान है।

## 14. समेकित विद्यालयों की स्थापना :–

वित्तीय वर्ष 2016–17 में समेकित विद्यालयों के निर्माण हेतु कुल रू0 4400.00 लाख का प्राविधान सापेक्ष कुल रू0 4400.00 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू0 1840.00 लाख का प्राविधान है।

## 15 डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविधालय (लखनऊ) :–

देश में प्रथम बार विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग विधार्थियों को बाधारहित वातावरण में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान किये जाने के उद्‌देश्य से ‘डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविधालय, लखनऊ की स्थापना की गयी है। वर्तमान में विशेष शिक्षा संकाय में दृष्टिबाधितार्थ, श्रवणबाधितार्थ एवं मानसिक मन्दितार्थ बी0एड0 एवं डी0एड0 विशेष शिक्षा पाठयक्रमों के संचालन के साथ–साथ बी0ए0,एम0ए0, बी0काम0, एम0काम0, एम0एस0डबलू, एम0बी0ए0 तथा विधि संकाय के अर्न्तगत बी0काम0 एल0एल0बी0 पाठ्‌यक्रम संचालित किया जा रहे है। विश्वविद्यालय में कुल 09 संकाय के अर्न्तगत 29 विभागों के बनने का प्राविधान है जिसमें वर्तमान में 21 विभाग कियाशील है। विश्वविद्यालय मे प्रत्येक पाठयक्रम में विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 50 प्रतिशत सीट आरक्षित है जिसमें से पुनः 50 प्रतिशत अर्थात 25 प्रतिशत सीटें केवल दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए आरक्षित है। वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु वेतन एवं अन्य आकस्मिक मदों के अन्तर्गत रू0 3700.00 लाख तथा पूँजीगत निर्माण हेतु रू0 1364.11 लाख के प्राविधान के सापेक्ष क्रमशः रू0 3700.00 लाख़ तथा रू0 1364.11 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में वेतन एवं अन्य आकस्मिक मदों के अन्तर्गत रू0 4176.58 लाख तथा पूंजीगत निर्माण हेतु रू0 1030.52 लाख का प्राविधान है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में विशिष्ट स्टेडियम के निर्माण हेतु रू0 2000.00 लाख तथा कृत्रिम अंग एवं पुनर्वासन केन्द्र की स्थापना हेतु रू0 974.84 लाख का प्राविधान किया गया है।

## 16. विभिन्न श्रेणी के निराश्रित दिव्यांग व्यक्तियों हेतु भरण पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन)

प्रदेश में दृष्टिबाधित,मूक बधिर, मानसिक तथा शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों, जिनका जीवनयापन के लिए स्वयं का न तो कोई साधन है और न ही वे किसी प्रकार का ऐसा परिश्रम कर सकते हैं, के भरण–पोषण हेतु दिव्यांग भरण–पोषण अनुदान योजना के अन्तर्गत शासन के पत्रांक 914/65–2–2017–21–96 दिनांक 06 जून 2017 द्वारा पेंशन वृद्धि रू0 300/– प्रति माह प्रति व्यक्ति से बढाकर रू0 500/– प्रति माह की दर से अनुदान दिया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2016—17 में सामान्य पक्ष के दिव्यांगजन हेतु कुल रू0 31251.26 लाख तथा एस0सी0पी0 पक्ष में रू0 900.00 लाख एवं टी0एस0पी0 हेतु रू0 2.00 लाख के प्राविधान के सापेक्ष क्रमशः रू0 30938.37 लाख एवं एस0सी0पी0 हेतु रू0 899.99 लाख एवं टी0एस0पी0 पक्ष में रू0 1.91 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017—18 में सामान्य पक्ष के लाभार्थियों हेतु रू0 55000.00 लाख, एस0सी0पी0 में रू0 900.00 लाख व टी0एस0पी0 में रू0 2.00 लाख का प्राविधान है।

## 17. शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण क्रय हेतु अनुदान योजना

शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को अधिकतम रू0 8000/— तक का अनुदान कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण हेतु दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2016—17 हेतु सामान्य पक्ष के दिव्यांगजनों हेतु रू0 1250.00 लाख व एस0सी0पी0 में रू0 240.00 लाख का प्राविधान के सापेक्ष क्रमशः रू0 1179.65 लाख़ तथा रू0 233.50 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017—18 में सामान्य पक्ष के लाभार्थियों हेतु रू0 3000.00 लाख व एस0सी0पी0 में रू0 240.00 लाख का प्राविधान है।

## 18. दिव्यांग व्यक्तियों से शादी करने पर प्रोत्साहन पुरस्कार योजनाः—

इस योजना के अन्तर्गत दम्पत्तियों में युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20000/— तथा युवक व युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20,000/— तथा दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0 15,000/— की धनराशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाती है। शासन के पत्र संख्या 702/65—2—2017—03/96 दिनांक 08 जून, 2017 द्वारा दंपति में पति पत्नी दोनो के दिव्यांग होने पर देय पुरस्कार की धनराशि में वृद्धि कर रू0 35000/— कर दी गयी है।

वित्तीय वर्ष 2016—17 में रू0 220.00 लाख का प्राविधान के सापेक्ष रू0 215.26 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017—18 में रू0 264.00 लाख का प्राविधान है।

## 19. दिव्यांगजन को निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान करने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को प्रतिपूर्ति :—

राज्य सरकार द्वारा इस योजना की नियमावली के अनुसार पात्र दिव्यांगजन एवं उसके सहायक को निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2015—16 में उ0प्र0स0परि0नि0 को प्रतिपूर्ति हेतु में कुल रू0 1200.00 लाख तथा उ0प्र0स0परि0नि0 को लम्बित अवशेष धनराशि की प्रतिपूर्ति हेतु कुल रू0 3766.77 लाख के प्राविधान सापेक्ष माह मार्च, 2017 तक क्षतिपूर्ति हेतु रू0 1200.00 लाख तथा उ0प्र0स0परि0नि0 को लम्बित अवशेष धनराशि की प्रतिपूर्ति हेतु रू0 3766.77 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017—18 में लम्बित अवशेष धनराशि की प्रतिपूर्ति हेतु कुल रू0 2000.00 लाख उ0प्र0स0परि0नि0 को प्रतिपूर्ति हेतु रू0 1200.00 लाख का प्राविधान है।

## 20. दक्ष दिव्यांग व्यक्तियों व उनके सेवायोजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार—

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग कर्मचारियों एवं उनके सेवायोजकों को राज्य स्तरीय

पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु पक्ष में रू0 4.50 लाख का प्राविधान के सापेक्ष माह मार्च, 2017 तक रू0 4.23 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू0 13.00 लाख का प्राविधान है।

## 21. स्वैच्छिक संगठनों/संस्थाओं को सहायता:–

दिव्यांगजन सशक्तीकरण के कार्य में लगी स्वैच्छिक संस्थाओं/संगठनो को दिव्यांगता का कारण, बचाव, उपचार, पुनर्वासन एवं दिव्यांगजन विकास विभाग की योजनाओं तथा अधिनियम के प्राविधानों का प्रचार–प्रसार करने हेतु राज्य सरकार द्वारा अनुदान स्वीकृत किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2016–17 में रू0 30.00 के लाख के प्राविधान के सापेक्ष रू0 8.95 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू0 30.00 लाख का प्रविधान है।

## 22. मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र संचालित करने हेतु स्वैच्छिक संगठनों को सहायता

मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र संचालित करने हेतु स्वैच्छिक संगठनों को सहायता प्रदान किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2016–17 में कुल रू0 375.48 लाख के प्राविधान के सापेक्ष कुल रू0 60.00 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू0 500.00 लाख का प्राविधान है।

## 23. निर्धन एवं असहाय दिव्यांग व्यक्तियों की दिव्यांगता निवारण हेतु शल्य चिकित्सा के लिए अनुदान

उक्त योजना की नियमावली में निहित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय सीमा रू0 60000/प्रति वर्ष हो, की शल्य चिकित्सा हेतु सम्बन्धित राजकीय चिकित्सालय को उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये अनुमानित शल्य चिकित्सा व्यय के आधार पर एक वर्ष में अधिकतम रू0 10000/– प्रति व्यक्ति की सीमा तक चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति की व्यवस्था की गयी है। वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु रू0 20.00 लाख के प्राविधान के सापेक्ष कुल रू0 14.08 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू0 620.00 लाख का प्राविधान है।

## 24. दृष्टिबाधितार्थ अध्यापको हेतु प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना:–

राजकीय दृष्टिबाधित इन्टर कालेज, मोहान रोड, लखनऊ कें परिसर में प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित कर राजकीय दृष्टिबाधितार्थ संस्थान, देहरादून के समन्वय से दृष्टिबाधितार्थ अध्यापन डिप्लोमा प्रदान किए जाने हेतु प्रशिक्षण केन्द्र पर आने वाले व्यय को वहन करने के लिए वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु कुल रू0 2.00 लाख का प्राविधान के सापेक्ष कुल रू0 2.00 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू0 2.00 लाख का प्राविधान है।

## 25. ब्रेल प्रेस का संचालन :–

प्रदेश में दृष्टिबाधित छात्र/छात्राओं के पठन–पाठन हेतु ब्रेललिपि में पुस्तकों को प्रकाशित करने हेतु ब्रेल प्रेस का संचालन किया जा रहा है। यह ब्रेल प्रेस उच्च शिक्षा में अध्ययनरत दृष्टिबाधित छात्रों के छात्रावास निशातगंज, लखनऊ में स्थापित की गयी है। इस ब्रेल प्रेस में विभाग द्वारा संचालित दृष्टिबाधित विद्यालयों में

अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं के पठन पाठन हेतु सम्बन्धित बिषयों की पुस्तकों को ब्रेल लिपि में प्रकाशित कराया जा रहा है। ब्रेल प्रेस के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2016–17 में रू0 19.87 लाख के प्राविधान के सापेक्ष माह मार्च, 2017 तक रू0 9.64 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू0 20.76 लाख का प्राविधान है।

## 26. कुष्ठावस्था पेंशन योजना :–

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजन हेतु संचालित दिव्यांग भरण पोषण अनुदान योजना के अन्तर्गत कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांगजन को भी पेंशन दिये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांग हुए ऐसे सभी दिव्यांगजन पात्र होगे, जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों तथा बी0पी0एल0 सीमा के अन्तर्गत आतें हों एवं शासन द्वारा संचालित अन्य कोई पेंशन न प्राप्त कर रहे हो को प्रदेश से सम्बन्धित जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र (चाहे दिव्यांगता का प्रतिशत कुछ भी हो) मान्य होगा को रू0 2500/– प्रति माह की दर से अनुदान अनुमन्य होगा। इस योजना की नियमावली प्राख्यापित कर दी गयी है। वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु कुल रू0 1303.00 लाख के वजट प्राविधान के सापेक्ष रू0 1244.25 का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू0 1800.00 लाख का प्राविधान है।

## 27. डिसलेक्सिया व अटेंशन डैफसिट एण्ड हाईपर एक्टिविटी सिन्ड्रोम से प्रभावित बच्चों की पहचान हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षण।

डिसलेक्सिया व अटेंशन डैफसिट एण्ड हाईपर एक्टिविटी सिन्ड्रोम जैसी छिपी हुई दिव्यांगता से प्रभावित बच्चों की पहचान हेतु अध्यापकों को प्रशिक्षित करने उनके अभिभावकों को इस परिपेक्ष्य में जागरूक करने एवं समाज में जागरूकता का सृजन कर संवेदन संवेदनशीलता उत्पन्न करने की एक नवीन एवं महत्वपूर्ण योजना विभाग द्वारा प्रारम्भ की गयी है।

उक्त योजना अन्तर्गत शिक्षकों को प्रशिक्षण दिलाये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2016–17 में रू0 20.00 लाख के वजट प्राविधान के सापेक्ष रू0 19.99लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में रू0 20.00 लाख का प्राविधान है।

## 28. दिव्यांगजन के लिये बाधारहित व्यवस्था हेतु सिपडा–1995 का कार्यान्वयन

प्रदेश के विभिन्न जन उपयोगी सार्वजनिक कार्यालय/भवनों को चरणवद्ध ढंग से दिव्यांगजन हेतु सुगम्य बनाने एवं वहॉ बाधारहित वातावरण सृजित कर दिव्यांगजन को आसान पहुॅच हेतु सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से सिपडा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु रू0 500.00 लाख पूजीगत पक्ष में तथा राजस्व पक्ष में रू0 10.00 लाख की धनराशि का प्राविधान किया गया है।

## 29. सुगम्य भारत अभियान योजनान्तर्गत चिन्हित शासकीय एवं जनउपयोगी भवनों का एक्सेस आडिट तथा विभिन्न विभागों को दिव्यांगजन के हितार्थ बनाया जाना

सुगम्य भारत अभियान योजनान्तर्गत चिन्हित शासकीय एवं जनउपयोगी भवनों का एक्सेस आडिट तथा विभिन्न विभागों को दिव्यांगजन के हितार्थ बनाये जाने की दृष्टि से वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु रू0 6000.00 लाख पूजीगत पक्ष में तथा राजस्व पक्ष में रू0 50.00 लाख की धनराशि का प्राविधान किया गया है।

# वित्तीय वर्ष 2017–18 में विभाग के महत्वपूर्ण लक्ष्य

1. दिव्यांग पेंशन योजना के अन्तर्गत रू0 559.02 करोड़ की प्राविधानित धनराशि से लगभग 930000 दिव्यांगजन को पेंशन दिए जाने का लक्ष्य है।
2. कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांगजन को रू0 18.00 करोड़ की प्राविधानित धनराशि से लगभग 6000 दिव्यांगजन को पेंशन दिए जाने का लक्ष्य है।
3. कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण अनुदान योजना में रू0 32.40 करोड़ के प्राविधान से लगभग 52400 दिव्यांगजन को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है।
4. शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार देने हेतु रू0 2.64 करोड़ की धनराशि से लगभग 1320 दम्पत्तियों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है।
5. प्रदेश के विभिन्न जन उपयोगी सार्वजनिक कार्यालय/भवनों को चरणबद्व ढंग से दिव्यांगजन हेतु सुगम्य बनाने एवं वहॉ बाधारहित वातावरण सृजित कर दिव्यांगजन को आसान पहॅुच हेतु सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से सिपडा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017—18 हेतु रू0 5.00 करोड़ पूजीगत पक्ष में तथा राजस्व पक्ष में रू0 10.00 लाख की धनराशि का प्राविधान किया गया है।
6. सुगम्य भारत अभियान योजनान्तर्गत चिन्हित शासकीय एवं जनउपयोगी भवनों का एक्सेस आडिट तथा विभिन्न विभागों को दिव्यांगजन के हितार्थ बनाये जाने की दृष्टि से वित्तीय वर्ष 2017—18 हेतु रू0 60.00 करोड़ पूजीगत पक्ष में तथा राजस्व पक्ष में रू0 50.00 लाख की धनराशि का प्राविधान किया गया है।
7. मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र संचालित करने हेतु स्वैच्छिक संगठनों को सहायता प्रदान किये जाने हेतु कुल रू0 5.00 करोड़ का प्राविधान किया गया है।
8. डिस्लेक्शिया व अटेंशन डैफिसिट एण्ड हाइपर एक्टिविटी सिन्ड्रोम से प्रभावित बच्चों की पहचान हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु रू0 20.00 लाख का प्राविधान किया गया है।
9. सभी मण्डल मुख्यालयों पर समेंकित विशेष माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना किये जाने के उद्देश्य से समेकित विद्यालयों की स्थापना किये जाने हेतु कुल रू0 18.40 करोड़ का प्राविधानित है।
10. जनपद प्रतापगढ में संचालित प्रयास राजकीय विद्यालय(शारीरिक रूप से अक्षम बालकों का) के भवन निर्माण हेतु रू0 200 लाख का प्राविधान है।
11. जनपद बाराबंकी में मानसिक रूप से चुनौतीग्रस्त बालिकाओं हेतु ममता राजकीय विद्यालय के संचालन हेतु रू0 53.60 लाख का प्राविधान है।
12. संकेत मूकबधिर बालक/बालिकाओं के लिये जनपद सोनभद्र, कुशीनगर, सहारनपुर में आवासीय राजकीय विद्यालयों के भवन निर्माण हेतु कुल रू0 1200.00 लाख का प्राविधान है।
13. स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इण्टर कालेज की स्थापना हेतु रू0 400.00 लाख का प्राविधान है।
14. डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में विशिष्ट स्टेडियम के निर्माण हेतु रू0 2000. 00 लाख का प्राविधान है।
15. डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र की स्थापना हेतु रू0 974.84 लाख का प्राविधान है।

# ई– गवर्नेन्स की प्रगति

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में ई गवर्नेन्स की ओर विशेष कार्यवाही की जा रही हैं। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में उपलब्ध कम्प्यूटरों का उपयोग दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारियों को बजट आवंटन, बी0एम0–8 का संकलन एवं बी0एम0–13 तैयार किये जाने, बजट प्रस्ताव, बजट नियन्त्रण, वार्षिक योजना एवं योजनाओं की प्रगति का संकलन कर अनुश्रवण हेतु किया जा रहा है। ई–गवर्नेन्स की धारणा को विकसित करने हेतु मुख्यालय स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचाारियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–85/65–2–2011–95(विविध)/2005, दिनांक– 31 मई, 2011 द्वारा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं 1– दिव्यांग व्यक्ति द्वारा ऋण हेतु आवेदन, 2– दिव्यांग व्यक्ति के शादी प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए आवेदन 3– दिव्यांग व्यक्ति के कृत्रिम अंग/उपकरण क्रय हेतु सहायता के लिए आवेदन सम्बन्धी सेवाओं को इलेक्ट्रानिक्स डिलीवरी सिस्टम द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराये जाने का भी निर्णय लिया गया है। जिसके लिए कामन सर्विस सेन्टर/लोकवाणी केन्द्रों द्वारा सेवा हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदक द्वारा दी गयी सूचनाओं को ई–फार्मर्स एप्लीकेशन के माध्यम से इलेक्ट्रानिक विधि से ई–फार्मर्स पोर्टल साफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए सम्बन्धित सक्षम प्राधिकारी को प्रेषित किया जायेगा तथा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत सक्षम अधिकारी द्वारा जॉचोपरान्त आवेदन पत्र को स्वीकृत/अस्वीकृत किया जायेगा, जिसकी जानकारी आवेदक को किसी भी सेन्टर पर हो सकेगी। इस प्रकार योजनाओं का लाभ पात्र दिव्यांगजनों को ई–गवर्नेन्स के माध्यम से बिना विलम्ब के सुविधापूर्वक प्राप्त हो सकेगा ।

अनुदान संख्या–79

# वर्ष 2017–18 में प्राविधानित धनराशि का विवरण

धनराशि–(लाख रू0) में

| | | |
|---|---|---|
| 1. | शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को कृत्रिम अंग / श्रवण सहायक यंत्र आदि खरीदने के लिये सहायता | 3000.00 |
| 2. | नेत्रहीन मूकबधिर तथा शारीरिक रूप से दिव्यांगों को उनके भरण पोषण हेतु अनुदान | 55000.00 |
| 3. | मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र संचालित करने हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता | 500.00 |
| 4. | डिसलेक्सिया व अटेंशन डैफिसिट एण्ड हाईपर एक्टिविटी सिन्ड्रोम से प्रभावित बच्चों की पहचान हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षण | 20.00 |
| 5. | मुख्यालय / मण्डलीय / जिला कार्यालयों का अधिष्ठान | 1376.65 |
| 6. | विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगों के लिये राजकीय विद्यालयों / छात्रावासों का संचालन | 2091.43 |
| 7. | विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगों के लिये आश्रित कर्मशाला एवं प्रशिक्षण केन्द्र | 344.83 |
| 8. | मानसिक मंदित केन्द्र सह आश्रय गृहो का संचालन | 85.37 |
| 9. | दिव्यांगों को निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान करने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य सडक परिवहन निगम को क्षतिपूर्ति | 3200.00 |
| 10. | दक्ष दिव्यांग कर्मचारियों को एवं उनके सेवायोजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार | 13.00 |
| 11. | विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगों के कल्याण हेतु स्वैच्छिक संगठनों एव संस्थानों को सहायता। | 30.00 |
| 12. | शारीरिक रूप से सक्षम व्यक्तियों द्वारा दिव्यांग से शादी करने पर प्रोत्साहन पुरस्कार | 264.00 |
| 13. | दृष्टिबाधितार्थ अध्यापकों हेतु प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना | 2.00 |
| 14. | कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना | 21.76 |
| 15. | .अमरावती पुरूषोत्तम बहुउद्देशीय दिव्यांग संस्थान वाराणसी | 33.71 |
| 16. | दिव्यांगजन हेतु गोरखपुर में मनोविकास केन्द्र की स्थापना | 18.73 |
| 17. | असहाय दिव्यांगजन की बीमारी के इलाज हेतु अनुदान | 620.00 |
| 18. | बचपन नर्सरी केन्द्र की स्थापना | 310.00 |
| 19. | दुकान निर्माण(अनुदान) | 24.10 |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | कार्यालय आयुक्त दिव्यांगजन | 66.56 |
| 21. | ब्रेल प्रेस का संचालन | 20.76 |
| 22. | डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविधालय लखनऊ | 4176.58 |
